हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–109 : जौनपुर, सोमवार 26 दिसम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

संकटकाल में भी पत्रकारों ने नही छोड़ा कर्मपथ –मुख्यमंत्री योगी

अयोध्या(जिला संवाददाता)सुरेंद्र कुमार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों की कर्तव्यपरायणता, साहस और सामाजिक योगदान को नमन किया है। कोरोना संक्रमित होकर दिवंगत हुए पत्रकारों के परिजनों को 10–10 लाख की सहायता राशि प्रदान करते हुए, मुख्यमंत्री ने कोविड काल में दिवंगत लोगों के परिजनों को हर जरूरी मदद का संकल्प दोहराया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि कोरोना काल की विपरीत परिस्थितियों के बीच भी पत्रकारों ने जिस प्रकार समाज को जागरूक किया और व्यवस्था की कमियों को सकारात्मक भाव के साथ प्रकट किया, वह सराहनीय है। सुशासन दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित भावपूर्ण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कोरोना काल में दिवंगत 53 पत्रकारों के परिजनों को 5.30 करोड़ की सहायता राशि प्रदान की। इससे पहले बीते वर्ष जुलाई में 50 पत्रकारों के परिजनों को भी 10–10 लाख रुपये की सहायता दी गई थी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के बीच प्रदेश में 103 पत्रकारों का कोरोना संक्रमण से असमय दुःखद निधन हो गया। यह एक भावुक क्षण है। दुःख की इस घड़ी में राज्य सरकार हर परिवार के साथ खड़ी है। संबल के रूप में आज हर परिवार को 10 लाख की सहायता राशि दी जा रही है। इसके अलावा, निराश्रित महिलाओं को नियमानुसार पेंशन, निराश्रित बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और पीएम केयर योजनान्तर्गत अन्य सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ पत्रकारों के परिजनों को मिले, यह सूचना विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।पत्रकारों के परिजनों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकार और सरकार दोनों के रास्ते भले ही अलग क्यों न हों, लक्ष्य एक ही है। दोनों ही राष्ट्रमंगल और लोककल्याण का लक्ष्य लेकर काम करते हैं। न्यूनतम संसाधन और विपरीत परिस्थितियों के बीच भी लक्ष्य के सापेक्ष उनका कार्य सतत जारी रहता है। सरकार सभी पत्रकारों को आवासीय सुविधा प्रदान करना चाहती है। गोरखपुर में एक मॉडल पर कार्य किया जा रहा है। यदि वह सफल रहा तो बहुत जल्द प्रदेश के सभी नगरों–महानगरों के पत्रकारों के लिए आवासीय योजना लाई जाएगी। उन्होंने इस बारे में नीति और पात्रता आदि तय करने के लिए सम्पादकगणों की एक समिति गठित करने के भी निर्देश दिए।कोरोना काल की चुनौतियों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते 03 वर्ष से पूरी दुनिया इस सदी की सबसे बड़ी त्रासदी का सामना कर रही है। तमाम विकसित देश भी इसके आगे पस्त हो गए। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में पूरे देश ने जिस तरह एक टीम के रूप में अनुशासन के साथ कोरोना का सामना किया, उसी का परिणाम है कि आज यूएनओ, डब्ल्यूएचओ सहित अनेक विकसित देश भी भारत के कोविड प्रबंधन की सराहना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत का मीडिया स्वतंत्र है, लेकिन संकट काल में राष्ट्रीय अनुशासन के साथ मीडिया जगत भी जुड़ा। आम जन को जागरूक करते हुए सरकारों का ध्यान कमियों की ओर भी आकृष्ट किया, नतीजतन समय पर बेहतर प्रबंधन किये जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज एक बार फिर कोरोना की आहट हो रही है, लेकिन टीम वर्क और अनुशासन के साथ हम फिर यह लड़ाई जीतेंगे।इससे पहले आरंभिक उद्बोधन में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने दिवंगत पत्रकारों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कोरोना काल में मीडियाकर्मियों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन किया। प्रदेश में 103 मीडियाकर्मियों का असमय निधन हुआ। पत्रकार–संपादक पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती पर आज प्रदेश सरकार उन सभी के परिजनों के सहायतार्थ धनराशि प्रदान कर रही है।

आश्रम में विशाल तुलसी पूजन का किया गया भव्य आयोजन

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर कानपुर नगर : मैनावती मार्ग स्थित आसाराम बापू के आश्रम में विशाल तुलसी पूजन मनाया गया इस दौरान संजय सिंहवानी ने बताया कि आज के बदलते दौर में लोग 25 दिसंबर को विदेशी सभ्यता को क्रिसमस के अवसर पर मनाते हैं जबकि हमारी भारतीय संस्कृति तुलसी पूजन इस दिन बड़ी धूमधाम से मनाया जाता रहा है जहां एक तरफ लोग बनावटी पेड़ों को खूबसूरती देने के बाद उसकी विशेषताएं बताते हैं वही हमारे भारतीय पद्धति और प्राकृतिक ने हमको अनेक ऐसे वृक्ष दिए हैं जिनको इंसान अपने दैनिक प्रयोग में लाने के बाद तमाम ऐसे रोगों से मुक्त हो जाता है उनमें से ही एक हमारा तुलसी वृक्ष है जो लोगों को इसकी पूजा के साथ तमाम अनेक बीमारियों को दूर करने में लाभदायक है समाज के आने वाले युवाओं के लिए यह जानना बहुत जरूरी है कि हमारे भारत देश में भारतीय संस्कृति को हमेशा बरकरार रखना चाहिए और उन्हीं के मार्ग के रास्तों पर हमेशा चलना चाहिए हमारे आश्रम में लगभग 400 श्रद्धालुओं ने इस कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया

तुलसी पूजन के साथ परिक्रमा करके हवन पूजन में आहुति दी और अपने आप को पूर्ण का भागीदार बनाया हमारे आश्रम द्वारा और बापू के बताए हुए रास्ते पर चलते हुए हम लोगों ने 60 हजार तुलसी पौधे वितरण करने का लक्ष्य रखा है और प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह पर गरीब असहाय लोगों को 5 किलो अनाज निशुल्क वितरण किया जाता कार्यक्रम के अवसर पर संजय दीपक बलराम मनवानी गोपाल आहूजा प्रकाश निषाद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

महाकाल की धरती से ब्राह्मणों ने भरी हुंकार

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज द्वारा उज्जैन मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया गया सम्मेलन में 15 से अधिक राज्यों के ब्राह्मण प्रतिनिधि सम्मिलित हुए बैठक को ब्राह्मण संघर्ष समिति का नाम दिया गया । विश्व ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अनीता मिश्रा ने सर्वसम्मति से बैठक की अध्यक्षता की श्रीमती डॉक्टर अनीता मिश्रा ने सभी को संबोधित करते हुए

कहां की ब्राह्मण संघर्ष समिति की बैठक में आए हुए समस्त ब्राह्मण भाई – बहनों से निवेदन है कि सनातन धर्म की रक्षा हेतु अब हम सबको एक साथ एक मंच एकत्रित होना होगा भगवत गीता में कहा गया है कि ''धर्मो रक्षति रक्षिता'' आप धर्म की रक्षा करो धर्म आपकी रक्षा करेगा उन्होंने कहा कि किसी भी देश को यदि समाप्त करना है तो उसकी संस्कृति को समाप्त करना होता है और संस्कृति को समाप्त करने से पहले उन्हें समाप्त करना होता है जिन्होंने संस्कृति को बचा कर रखा हो या बचाने का कार्य कर रहे हो आज कुछ विदेशी ताकतें भारतीय संस्कृति को समाप्त करना चाहते हैं उनके साथ मिलकर के देश के भीतर कुछ लोग भारतीय संस्कृति को संजोए हुए ब्राम्हण सनातन धर्म पर आघात कर रहे हैं और उन्हें कमजोर करने के सारे प्रयास में जुटे हुए ऐसे लोगों के खिलाफ वक्त आ गया है कि हम सभी एक साथ एकजुट होकर संघर्ष करें उन्होंने बताया कि 28, 29 जनवरी 2023 माघ मेले में विश्व ब्राह्मण महासभा प्रयाग संगम तट पर विप्र सम्मेलन का आयोजन करेगी । सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी ने सभी राज्यों से आए हुए ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने शिप्रा नदी की पूजा अर्चना की । कार्यक्रम में विश्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महासचिव धर्मेन्द्र शुक्ला, अधिवक्ता गणेश रावल, प्रदेश अध्यक्ष उज्जैन, दिल्ली से भास्कर त्रिपाठी, बड़ोदरा से मनोज त्रिपाठी, औरंगाबाद से विजया अवस्थी, अयोध्या से कृपा निधान तिवारी, हैदराबाद, लखनऊ,आदि प्रदेशों के प्रतिनिधियों के साथ सैकड़ों महिला पदाधिकारियों ने भाग लिया।

क्रिसमस पर चर्च ऑफ क्राइस्ट इन इंडिया की तरफ से हुई विशेष प्रार्थना

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस पर मसीह समाज के लोगों ने गिरिजाघरों में विशेष पूजा आराधना की इस दौरान लोगों में काफी उत्साह व खुशी नजर आई की क्रिसमस की वजह से सुबह से ही गिरजाघरों में भीड़ जुटनी शुरू हो गई प्रभु यीशु के लिए की जाने वाली प्रार्थना में लोग बढ़–चढ़कर शामिल हुए पांडु नगर स्थित वर्ष में चर्च ऑफ क्राइस्ट इडिया की तरफ से प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रभु का गुणगान किया प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव की खुशी में क्रिसमस ट्री व कार्यक्रम का आयोजन हुआ बच्चों ने प्रभु यीशु की याद में केरेल्स गाये पास्टर्स में विशेष प्रार्थना की साथ ही प्रभु यीशु का गुणगान किया गया। इस मौके पर सैमुअल सिंह ने बताया कि प्रभु यीशु ने मानवता का संदेश दिया वो सिर्फ ईसाई समाज के लिए ही नहीं पैदा हुए बल्कि पूरे संसार के उद्धार के लिए पैदा हुए हैं जहाँ उन्होंने हर एक को प्रेमभावना का पाठ पढ़ाया।

इस मौके पर रितु सिंह,डेनियल सिंह, इमानुएल सिंह, रेनू सिंह अकिता नियल सिंह य स व अन्य लोग मौजूद रहे। प्रार्थना के बाद लोगों से रेल्स भी गाए इस मौके पर देश में अमन चैन के लिए दुआ भी की गई. इस दौरान चर्च के बाहर मेले का भी आयोजन रहा जहां लोगों ने केक खाकर एक दूसरे से हाथ मिलाकर क्रिसमस की बधाई दी।

एस एन सेन पोस्ट ग्रेजुएट बालिका कॉलेज के 70 साल पूरे होने के उपलक्ष में हुआ शिक्षा ज्योति सम्मान समारोह

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : कानपुर मालरोड स्थित एसएन सेन पोस्ट ग्रेजुएट बालिका कॉलेज के 70 साल पूरे होने के उपलक्ष में आज शिक्षा ज्योति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, विशिष्ट अतिथि के रूप में सदस्य प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना राज्य सलाहकार समिति रवि शंकर हवेलकर मौजूद रहे जिन्होंने शहर के तमाम विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और स्नातक वह परास्नातक स्तर पर टॉप करने वाले छात्राओं को भी सम्मानित किया इस दौरान मंत्री ने बताया कि यह बड़े ही गर्व की बात है विद्यालय द्वारा लगातार शिक्षा नीति को बढ़ावा दिया जा रहा है यह विद्यालय उत्तर प्रदेश का ऐसा पहला विद्यालय है जो पूर्णतया छात्राओं को शिक्षा प्रदान कर रहा है।

कार्यक्रम में 40 विद्यालयों के प्राचार्य और 30 टॉपर्स को सम्मानित किया कार्यक्रम का प्रबंधन प्रभात पांडे व सपना राय द्वारा किया गया अगवाई में महाविद्यालय के सचिव प्रोबिर सेन, कोषाध्यक्ष दीप श्री सेन, संयुक्त सचिव सुभरो सेन, व प्रधानाचार्य डॉ सुमन रहे!

तिलकधारी महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ देव ब्रत मिश्र विज्ञान भूषण पुरस्कार से सम्मानित

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : जीवाजी विश्विद्यालय ग्वालियर में आयोजित चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ''पर्यावरण एवं समाज'' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन 23 एवम 24 दिसम्बर 2022 को सम्पन्न हुआ। संगोष्ठी में भारत वर्ष के सभी प्रान्तों, एवम नौ देशों के शिक्षा विद, शोधछात्र, चिकित्सक, इंजीनियर, समाजसेवी प्रतिभाग किये। संगोष्ठी में विभिन्न क्षेत्रों में अद्वितीय कार्य करने वाले विद्वत जनो को विभिन श्रेणी के पुरस्कार दिए गए। इसी क्रम में नेशनल डियासस्टर मैनेजमेंट नई दिल्ली गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश का गौरव तिलक धारी महाविद्यालय, जौनपुर के प्राणि विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ देव ब्रत मिश्र को प्रोफेसर अविनाश तिवारी कुलपति जीवाजी विश्विद्यालय, प्रोफेसर साहित्य कुमार नागर कुलपति राजा मान सिंह संगीत कला विश्विद्यालय ग्वालियर, एवं प्रोफेसर संतोष कुमार निदेशक नेशनल डियासस्टर मैनेजमेंट नई दिल्ली, गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विज्ञान भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ मिश्र को विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार, जैव विविधता ,पर्यावरण, एवम आपदा प्रबंधन पर कार्य करने एवम जन मानस को जागरूक करने के लिए मिला।। डॉ मिश्र अब तक पन्द्रह अंतरराष्ट्रीय ,पचास से अधिक राष्ट्रीय संगोष्ठी में व्याख्यान दे चुके है ।डॉ देव ब्रत को दो दर्जन से अधिक राष्ट्रीय एवम अंतर राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके है। डॉ मिश्र का तिरपन शोध पत्र विभिन्न राष्ट्रीय ,यु जी सी केयर, स्कोपस जनरल में छप चुके है। छः पुस्तकें प्रकाशित है। डॉ देव ब्रत शिक्षा के क्षेत्र के अलावा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में समय समय पर अपनी सहभागिता देते रहते है।

श्री विश्नोई सेवा समिति द्वारा घंटाघर पर किया गया चाय बिस्कुट व मास्क वितरण

संवाददाता प्रवीण सिंह चंदेल कानपुर नगर : आज घंटाघर भारत माता प्रतिमा स्थल पर श्री विश्नोई सेवा समिति के कोषाध्यक्ष श्री अशवनी गुप्ता

द्वारा चाय, मास्क ,ब्रेड, का वितरण किया गया गया जिसमें विश्नोई समाज की नई कार्यकारणी के सभी पदाधिकारियों ने सहयोग किया जिसमें कॅरोना से बचाव के लिए मास्क दिए गए और संदेस दिया गया दो गज की दूरी मास्क है जरूरी मुख्यरूप से श्री प्रवीण विश्नोई, अशवनी गुप्ता, अनुराग विश्नोई, दीप विश्नोई, आलोक विश्नोई, विक्रांत विश्नोई, अर्पित विश्नोई, वैभव विश्नोई,पवन गुप्ता,संदीप गुप्ता ,संजीव विश्नोई,अमित विश्नोई, उपस्थित हुए।

कोरोना काल में दिवंगत पत्रकारों के आश्रितों को दी गई 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

जौनपुर सू.वि. : माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 25 दिसंबर 2022 को सरकारी आवास पर कोरोना काल में दिवंगत पत्रकारों के आश्रितों को 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई जिसमें जनपद के 2 गैर मान्यता प्राप्त पत्रकार स्वर्गीय बच्चू लाल विश्वकर्मा और मोहम्मद इकबाल के परिजन को मा० मुख्यमंत्री जी के द्वारा चेक प्रदान किया गया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने संबोधन में कहा कि दिवंगत पत्रकारों को उपलब्ध कराई जा रही धनराशि बहुत ही छोटी है किंतु शासन की ओर से एक सम्बल है कि संकट के समय वे अकेले नहीं है। शासन – प्रशासन दिवंगत पत्रकार बन्धुओं के परिवार के साथ हैं। इसी क्रम में 26 नवंबर 2022 को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा दिवंगत पत्रकारों के परिजनों के मुलाकात करते हुए आश्वासन दिया है कि उन्हें किसी प्रकार की समस्या हो तो अवश्य अवगत कराएं। उन्होंने जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय को निर्देशित किया कि जिला प्रोबेशन अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए अन्य योजनाओं का परिजनों से आवेदन कराए और पात्र होने

की दशा में उनको योजनाओं का लाभ शीघ्र दिलाया जाए। इस अवसर पर स्वर्गीय बच्चू लाल विश्वकर्मा और मोहम्मद इकबाल से परिवारजनों द्वारा उपलब्ध कराई गई सहायता राशि के लिए माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० लक्ष्मी सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय का हृदय से आभार व्यक्त किया।

जिलाधिकारी द्वारा बहुउद्देशीय सचल वाहनो को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

जौनपुर सू.वि. : जनपद में खुरपका मुंहपका टीकाकरण अभियान द्वितीय चरण 26 दिसंबर 2022 से 08 फरवरी 2023 तक चलाया जाना है जिसके संबंध में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कलेक्ट्रेट

परिसर से बहुउद्देशीय सचल वाहनो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि वाहनों के द्वारा घर घर जाकर पशुओं को निःशुल्क टीका लगाया जाएगा। उन्होंने सभी पशुपालकों से अनुरोध किया है कि टीकाकरण कार्य में सहयोग करें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 परमहंस राय के द्वारा बताया गया कि जनपद में 953200 वैक्सीन की डोज प्राप्त हुई हैं जोकि जनपद के सभी पशु चिकित्सालय को उपलब्ध करा दिया गया है। इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

सहन करने से साहस का गुण स्वतः आ जाता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

भारत के उभार से परेशान चीन

जब दुनिया में कोविड संक्रमण लगभग खत्म हो गया है, तब उस चीन में यह बढ़ रहा है, जो कुछ समय पहले दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में महामारी से बेहतर तरीके से निपटने का दावा कर रहा था।

पिछले नौ दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के यांग्त्से में यथास्थिति को बदलने के लिए चीनी घुसपैठ जून, 2020 में गलवां घाटी में हुई घुसपैठ की पुनरावृत्ति लगती है, सिर्फ अंतर इतना है कि इस बार दोनों पक्षों के कुछ सैनिक घायल हुए हैं। जाहिर है, हम नाराज हैं और गुस्से से उबल रहे हैं। हमेशा की तरह, इस घटना के बाद टिप्पणियों की झड़ी लग गई है कि चीन ने ऐसा क्यों किया। चीन से निपटने के तरीके के बारे में कई तरह के सलाह भी दिए जा रहे हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी हकीकत से अनभिज्ञ लोगों से ऐसी अवांछित सलाह मिलने का जिक्र किया था। मीडिया में स्वघोषित सामरिक विचारकों, नागरिकों एवं सेना द्वारा व्यापक रूप से यही कहा जा रहा है कि चीनी नेतृत्व ने बढ़ती आंतरिक उथल–पुथल से ध्यान हटाने के लिए यांग्त्से में घुसपैठ को अंजाम दिया है।

गौरतलब है कि शून्य कोविड नीति के खिलाफ चीन की जनता ने नाराज होकर व्यापक रूप से प्रदर्शन किया, जिनमें से कुछ ने शी जिनपिंग को पद छोड़ने के लिए भी कहा। विडंबना यह है कि जब दुनिया में कोविड संक्रमण लगभग खत्म हो गया है, तब उस चीन में यह बढ़ रहा है, जो कुछ समय पहले दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में महामारी से बेहतर तरीके से निपटने का दावा कर रहा था। लगभग दो दशकों से जीडीपी में दोहरे अंकों की वृद्धि देखने वाली चीनी अर्थव्यवस्था ट्रंप के शुल्क युद्ध से हिल गई थी, जिसे कोविड ने और तबाह कर दिया। कहा जा रहा है कि इस साल उसकी आर्थिक विकास दर गिरकर 2.5 फीसदी या इससे भी कम रह गई है।

इस बात पर व्यापक सहमति है कि यांग्त्से की घटना को अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए। यह वस्तुतः देपसांग, पैंगोंग, दोकलाम और अन्य जगहों पर चीनी घुसपैठ की निरंतरता का ही ताजा उदाहरण है। लंबे समय से चीन का यह लक्ष्य है कि पूरे वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हलचल बनाए रखी जाए, ताकि परेशान भारत अपनी सीमा की सुरक्षा में ही फंसा रहे। शी जिनपिंग की रणनीति यही है, जिसके प्रति हमें सतर्क रहना चाहिए और अपनी सुरक्षा में ढील नहीं देनी चाहिए। हमें न तो चीन पर भरोसा करना चाहिए और न ही उसके नेताओं द्वारा शांतिपूर्ण संबंधों और सहयोग के बारे में कभी–कभार दिए जाने वाले बयानों से प्रभावित होना चाहिए। सीधी–सी बात है कि चीन भारत के उभार का विरोध करता है!

यह एक खुला रहस्य है कि अमेरिका के साथ हमारी बढ़ती नजदीकी चीन की चिंता का कारण है। भारत–अमेरिका संबंधों में गर्माहट चीन–अमेरिकी संबंधों में तनाव के सीधे अनुपात में है! अमेरिका, भारत और अन्य देशों द्वारा बार–बार दिए गए स्पष्टीकरण के बावजूद चीन हिंद–प्रशांत, क्वाड और ऑकस (ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका का समूह) को चीन विरोधी पहल के रूप में देखता है। इस पृष्ठभूमि में पिछले महीने उत्तराखंड में भारत–अमेरिका संयुक्त सैन्य अभ्यास सांड को लाल कपड़ा दिखाने के जैसा था। चीन ने यह दावा करते हुए इसका विरोध किया था कि यह अभ्यास भारत–चीन के बीच मौजूदा शांति समझौते का उल्लंघन है। यांग्त्से में घुसपैठ भारत के लिए चीन की चेतावनी हो सकती है कि अमेरिका के साथ उसकी निकटता उसे क्षेत्रीय दावों को रोकने और सीमा पर संकट पैदा करने से नहीं रोक पाएगी।

तवांग का राजनीतिक और धार्मिक, दोनों महत्व है, जिसका इस्तेमाल चीन अपने दावे पर जोर देने के लिए करना चाहता है। ऐसे समय में जब अगले दलाई लामा के बारे में अटकलें शुरू हो गई हैं, तब यह धार्मिक और राजनीतिक संदर्भ काफी महत्व रखता है। यह संभावना भी जताई जा रही है कि हमारे बुनियादी ढांचे के निर्माण, खासकर काराकोरम राजमार्ग तक ले जा सकने वाली लिंक रोड ने चीन को गलवां घाटी में आक्रमण के लिए प्रेरित किया हो। बेशक, भारत ने पिछले तीस वर्षों की तुलना में पिछले दस वर्ष में काफी बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है। लेकिन टीवी चौनलों द्वारा प्रसारित उपग्रह छवियों से संकेत मिलता है कि चीन ने एलएसी के पास बेहतर बुनियादी ढांचे का निर्माण किया है, कई गांव बसाए हैं और एलएसी के किनारे और यहां तक कि ल्हासा में भी ड्रोन और लड़ाकू जेट विमान तैनात किए हैं। ऐसे में, जाहिर है, चीन के पास शिकायत करने का कोई वैध आधार नहीं है।

तथ्य यह है कि फरवरी, 2020 से, जब कोविड ने दुनिया में तबाही फैलाई, मोदी का कद तेजी से बढ़ा है। कोविड की दूसरी भयानक लहर के बावजूद, मोदी ने दुनिया के सबसे बड़े कोविड नियंत्रण अभियान का नेतृत्व कियाय भारतीयों को कोविड टीकाकरण की दो अरब से अधिक खुराक लगवाना और 160 से अधिक देशों को टीके की पेशकश करना एक बड़ा काम है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई। मेलिंडा गेट्स का मानना है कि दुनिया भारत के मॉडल से सीख सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था भी पटरी पर लौट आई है। आभासी शिखर सम्मेलन, डिजिटल परिवर्तन और जलवायु परिवर्तन के विमर्श में मोदी सबसे आगे रहे हैं। उन्होंने पुतिन को खुले तौर पर कहा कि यह युद्ध का युग नहीं है और परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की सोच का विरोध करते हुए उन्होंने बातचीत व कूटनीति की वापसी की वकालत की। इस प्रकार मोदी वैश्विक दक्षिण की आवाज के रूप में उभर रहे हैं। जी–20 और एससीओ की अध्यक्षता के कारण वह आने वाले महीनों/वर्षों में दुनिया के एक प्रमुख नेता बने रहेंगे। क्या यांग्त्से या इसी तरह की अन्य घुसपैठ भारत का कद घटा सकती है?

अलबत्ता हमें अपना घर भी ठीक रखना चाहिए। हमने हुआवेई के 5जी सहित 3,000 चीनी ऐप को प्रतिबंधित कर दिया, लेकिन गलवां घाटी के संघर्ष के बाद चीन से हमारा आयात बढ़ा है। 2,000 से अधिक चीनी कंपनियां भारत में काम करती हैं और 3,000 से अधिक चीनी विभिन्न कंपनियों के बोर्ड निदेशक के रूप में जमे हैं! लेफ्टिनेंट जनरल डीएस हुड्डा ने ठीक ही कहा है कि सरकार पर लगातार सार्वजनिक हमले और उस पर कमजोरी का आरोप लगाने से कोई फायदा नहीं होता। लेकिन राष्ट्रीय एकता और सर्वसम्मति बनाने के लिए सरकार को भी विपक्षी दलों तक पहुंचना चाहिए और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाले बिना सीमा संघर्ष के बारे में अधिक से अधिक जानकारी साझा करनी चाहिए। ताली बजाने के लिए दो हाथों की जरूरत होती है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल जी के जन्म दिवस पर स्टेडियम में खेल प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

जौनपुर पत्रकार – धनन्जय विश्वकर्मा : पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर दिनांक 25 दिसम्बर, 2022 को प्रदेश सरकार द्वारा मनाये जा रहे सुशासन सप्ताह एवं भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद जौनपुर के इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में वॉलीबाल–पुरूष वर्ग तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय के एथलेटिक्स–बालक/बालिका तथा कबड्डी–बालिका खिलाड़ियों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के 21 विकास खण्डों के खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता के उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गिरीश चन्द्र यादव, मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खेल एवं युवा कल्याण के कर–कमलों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत बुके प्रदान कर एवं माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि ने जनता को अवगत कराया कि सरकार 02 प्रतिशत खेल कोटा को तत्काल प्रभाव से लागू कर चुकी है जिसके तहत अविलम्ब खिलाड़ियों की भर्ती प्रारम्भ हो जायेगी। जनपद में खेल अवस्थापनाओं के विकास के क्रम में रू0 6 करोड़ 18 लाख से स्टेडियम का जीर्णोद्धार कराने के लिए धनराशि अवमुक्त कर दिया गया है एवं 25 करोड़ से भी ऊपर की परियोजना का प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित कर दिया गया है, जो शीघ्र ही धरातल पर दिखने लगेगा। प्रतियोगिता के शुभारम्भ पर गुरैनी शाहगंज, चेतरहा, सुईथाकला की बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। क्रीड़ा अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम भेंट किया। प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार है– 100 मी0 दौड़ बालक वर्ग में सुमित यादव–प्रथम, शादान–द्वितीय तथा

दिनेश यादव–तृतीय, 200 मी0 दौड़ बालक वर्ग में सुमीत कुमार–प्रथम, अभय चौहान–द्वितीय तथा अभय यादव–तृतीय, 100 मी0 दौड़ बालिका वर्ग में चंचल यादव, शिवांगी–द्वितीय तथा किरन प्रजापति–तृतीय, 200 मी0 दौड़ बालिका वर्ग कोमल यादव, श्वेता–द्वितीय तथा खुशी प्रजापति–तृतीय, 400 मी0 दौड़ बालक वर्ग में शुभम यादव–प्रथम, कौशलेन्द्र–द्वितीय तथा शिवम भारती–तृतीय, 400 मी0 दौड़ बालिका वर्ग में कोमल यादव–प्रथम, खुशी यादव–द्वितीय तथा कोमल पटेल–तृतीय, 600 मी0 दौड़ बालक वर्ग में शुभम यादव–प्रथम, कौशलेन्द्र–द्वितीय तथा जीसस यादव–तृतीय, 600 मी0 दौड़ बालिका वर्ग में शिवांगी–प्रथम, कोमल पटेल–द्वितीय तथा दिशा–तृतीय स्थान प्राप्त किया। लांग जम्प बालक वर्ग मे स्वयं तिवारी–प्रथम, सुमित यादव–द्वितीय तथा शादान–तृतीय, लांग जम्प बालिका वर्ग में खुशी प्रजापति–प्रथम, कोमल गौतम–द्वितीय तथा संध्या पटेल–तृतीय स्थान पर रहीं। एथलेटिक्स में सुइथाकलां विकास खण्ड की टीम का दबदबा रहा। कबड्डी जूनियर वर्ग बालिका में मड़िघ्याहूँ विकास खण्ड की टीम ने रामनगर विकास खण्ड की टीम पर 20–19 से विजेता हुई। वॉलीबाल पुरूष वर्ग में टी0डी0 कालेज ने औंका की टीम को सीधे सेटों में पराजित किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव, जिला पंचायत सदस्य सूबेदार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल, जिला युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय, उप क्रीड़ा अधिकारी चंदन सिंह, जितेन्द्र सिंह, संजय सिंह, निखिल सिंह, महावीर सिंह, रवि यादव आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता समाप्ति उपरान्त जिला परिविक्षा अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय ने पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश यादव, सहायक अध्यापक द्वारा किया गया।

थाना पवाँरा पुलिस द्वारा 24 घण्टे में चोरी के इंजन सहित एक अभियुक्त किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मछलीशहर जौनपुर के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष राजनारायन चौरसिया के कुशल नेतृत्व मे दिनांक 25.12.2022 को उ0नि0 शैलेन्द्र सिंह मय हमराही कर्मचारीगण द्वारा दिनांक 24.12.2022 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 136/2022 धारा 380 भा0द0वि0 में मुखबिर खास की सूचना पर नाथूपुर राइस मिल तिराहे से मुकदमा उपरोक्त मे अभियुक्त धीरज कुमार गौतम पुत्र रामसजीवन गौतम नि0 शाहपुर थाना पवारा जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया तथा गिरफ्तारशुदा अभियुक्त उपरोक्त की निशानदेही पर चोरी गये पंपिग सेट के इंजन का हेड को बरामद किया गया । आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त – 1. धीरज कुमार गौतम पुत्र रामसजीवन गौतम नि0 शाहपुर थाना पवारा जनपद जौनपुर उम्र करीब 21 वर्ष अपराधिक इतिहास दृ 1. मु0अ0स0 136/2022 धारा 380 भा0द0वि0 थाना पवाँरा जनपद जौनपुर बरामद माल– 1. दो पंपिग सेट के इंजन का हेड गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम – 1. थानाध्यक्ष राजनारायन चौरसिया थाना पवाँरा जनपद जौनपुर 2. उ0नि0 शैलेन्द्र सिंह थाना पवाँरा जनपद जौनपुर 3. हे0का0 सर्वेश कुमार सिंह थाना पवाँरा जनपद जौनपुर 4. का0 अभिषेक यादव थाना पवांरा जनपद जौनपुर

25 दिसंबर बड़े दिन का परिचायक करे तुलसी पूजन के रूप में – महंत हरिओम महाराज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हिंदू समाज क्रिसमस डे मनाने से बचे। 25 दिसंबर बड़ा दिन का परिचायक है।इसे तुलसी पूजन दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए।हमे अंग्रेजों के त्योहार की जगह हिदुओ के त्यौहार पर विशेष बल देना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों में हिंदुत्व की भावना दिखाई पड़े ।यह बात केराकत के उदयचंदपुर स्थित देवदत्त गैस एजेंसी के परिसर में तुलसी पूजन व शोभायात्रा के मुख्य अतिथि के रूप में झांसी के सिद्धेश्वर पीठ के महंत हरिओम महराज ने कही। रविवार की दोपहर गोमतेश्वर महादेव केराकत से सम्भल ब्रम्ह बाबा थानागद्दी तक चार किलोमीटर की शोभायात्रा निकाली गई । शोभा यात्रा में 250 लोगों ने हिस्सा लिया। जयकारे के साथ शोभा यात्रा देवदत्त गैस एजेंसी उदयचंदपुर परिसर में जाकर समाप्त हुई। शोभा

यात्रा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिन्दुओ को संगठित होकर अपने संस्कृति को बचाने के लिए अंग्रेजों के त्योहार से बचना चाहिए। घरों में प्रतिदिन तुलसी पूजन करने चाहिए साथ ही माता पिता के पैर पूजा करनी चाहिए। आयोजक मुकेश सिंह ने आभार जताया तथा संचालन प्रेमचंद दुबे ने किया।

कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र का अधिकारी ने किया निरीक्षण : प्रशिक्षुओं को शत–प्रतिशत रोजगार दिलाने की योजना

जौनपुर पत्रकार – धनन्जय विश्वकर्मा : शिवम सिंह, मैनेजर, कौशल विकास मिशन जौनपुर जिला योजना एवं निगरानी इकाई के द्वारा विश्वविद्यालय परिसर के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र में निरीक्षण किया गया। कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र के नोडल अधिकारी डॉक्टर राजकुमार द्वारा बताया गया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन योजना द्वारा आयोजित इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सेक्टर में डॉमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं बैंकिंग फाइनेंसियल सर्विस इन्सुरेंस सेक्टर में माइक्रोफाइनेंस 27–27 के 4 बैच को प्रारंभ करना है। इन दोनों सेक्टर में प्रशिक्षित सभी अभ्यर्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण के उपरांत सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम 5 माह की अवधि तक चलेगा स प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशुक्षुओं को ड्रेस एवं ट्रेनिंग कीट निःशुल्क प्रदान की जाएगी तथा अपने ही जिले में रोजगार के 100% अवसर प्राप्त होंगे। यह दोनों प्रशिक्षण विश्वविद्यालय तथा पीएमजी कॉमर्स फाउंडेशन भदोही के बीच हुए समझौते के अंतर्गत संचालित होंगी। पीएमजी कॉमर्स फाउंडेशन के एक केंद्र के रूप में यह ट्रेनिंग संचालित रहेगी। नोडल अधिकारी द्वारा पूर्व से चल रही सिलाई मशीन ऑपरेटर की ट्रेनिंग के बारे में संज्ञानित किया कि अभी तक विश्वविद्यालय परिसर के आसपास की 60 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वर्तमान में 30–30 के दो बैच संचालित है जिसमें 60 महिलाओं तथा बालिकाओं को सिलाई मशीन ऑपरेटर की ट्रेनिंग दी जा रही है । इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार के अंतर्गत चलाई जा रही है कौशल संवर्धन तथा रोजगार की मुहिम को आगे बढ़ाना तथा विश्वविद्यालय के आसपास के ग्रामीण लोगों को उसका लाभ प्रदान करना है।

जौनपुर विश्वकर्मा मन्दिर में मनाया गया पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि

जौनपुर पत्रकार– धनन्जय विश्वकर्मा : श्री विश्वकर्मा मंदिर आदमपुर जौनपुर में श्री विश्वकर्मा पूजा महासमिति जौनपुर के तत्वाधान में भारत के सातवें राष्ट्रपति विश्वकर्मा समाज के गौरव ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि मनाया गया।

भारत के सातवें राष्ट्रपति को सत–सत नमन।कृष्ण कुमार विश्वकर्मा

ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा भारत के सातवें राष्ट्रपति थे इनका जन्म 5 मई, 1916 को पंजाब के फरीदकोट जिले के संधवान ग्राम में हुआ था। छोटी उम्र में ही ज्ञानी जेल सिंह की माता का देहांत हो गया था. इनका पालन–पोषण इनकी माता की बड़ी बहन द्वारा किया गया ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा बहुत अमीर परिवार से नही थे मध्यम वर्ग लालन पालन हुआ था उनके पिता किशन सिंह जो बढ़ई का कार्य करते थे।

ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा स्वतंत्रता सेनानी थे। दीपक आर विश्वकर्मा

मात्र 15 वर्ष की आयु में ही वह ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध काम कर रहे अकाली दल से जुड़ गए थे. अमृतसर के शहीद सिख मिशनरी कॉलेज से गुरु ग्रंथ का पाठ मुंह जबानी याद करने के बाद इन्हें ज्ञानी की उपाधि से नवाजा गया. सन 1938 में जरनैल सिंह ने प्रजा मंडल नामक एक राजनैतिक पार्टी का गठन किया जो भारतीय कॉग्रेस के साथ संबद्ध होकर ब्रिटिश विरोधी आंदोलन किया करती थी. अंग्रेजों के लिए यह सहन करना मुश्किल हो गया था।

5 वर्ष जेल वापसी में ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा नाम पड़ा। उमाकान्त विश्वकर्मा

अंग्रेजों ने ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा के विरोध प्रदर्शन को सहन नही कर पाएं ।अंग्रेजो ने ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा की आवाज को दबाने के लिए उनको जेल भेज दिया उस समय ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा को असली नाम जरनैल सिंह विश्वकर्मा के नाम से जाना जाता था उन्हें पांच वर्ष की सजा सुनाई गई. इसी दौरान उन्होंने अपना नाम बदलकर जैल सिंह (जेल सिंह) रख लिया।

ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा के वंशज है। सत्यनारायण विश्वकर्मा

सिक्ख धर्म सनातन धर्म की रक्षा के लिऐ सनातन धर्म की दो जातियों से बना है एक राजपूत दूसरा पूर्ण विश्वकर्मा वंश अर्थात एक हथियार चलाने वाले और एक हथियार बनाने वाले । सिक्ख धर्म में विश्वकर्मा वंश को रामगढ़िया के नाम से संबोधित किया जाता है रामगढ़ियाओ में लुहार बढ़ई का झगड़ा नहीं है रामगढ़िया पांचाल और धीमान दोनो उपनामों का भी इस्तेमाल करते है।

ज्ञानी जैल सिंह का व्यक्तित्व उत्तम था। राधेश्याम विश्वकर्मा

ज्ञानी जैल सिंह बचपन से ही भारत की स्वतंत्रता के लिए जागरुक थे. छोटी सी उम्र में ही उन्होंने ब्रिटिशों के खिलाफ चल रहें आंदोलनों में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी शुरू कर दी. वह केवल एक दृढ निश्चयी और साहसी व्यक्तित्व वाले इंसान थे।

ज्ञानी जैल सिंह का निष्पक्ष था राजनैतिक सफर। अधिवक्ता वीरेंद्र विश्वकर्मा

स्वतंत्रता से पूर्व ज्ञानी जैल सिंह देश को स्वराज दिलाने और अंग्रेजों को खदेड़ने के लिए विभिन्न आंदोलनों का हिस्सा बनने लगे थे. स्वतंत्रता के पश्चात ज्ञानी जैल सिंह को पटियाला और पूर्वी पंजाब राज्यों के संघ (च्म्ब्ै) का राजस्व मंत्री बना दिया गया. 1951 में जब कॉग्रेस की सरकार बनी उस समय जैल सिंह को कृषि मंत्री बनाया गया. इसके अलावा वह 1956 से 1962 तक राज्यसभा के भी सदस्य रहे. सन 1962 में कॉग्रेस के समर्थन से ज्ञानी जैल सिंह पंजाब के मुख्यमंत्री बने. 1980 के चुनावों में ज्ञानी जैल सिंह लोकसभा के सदस्य निर्वाचित होने के बाद इन्दिरा गांधी सरकार के कैबिनेट में रहते हुए गृह मंत्री बनाए गए. 1982 में नीलम संजीवा रेड्डी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद सर्वसम्मति से कॉग्रेस के प्रतिनिधि ज्ञानी जैल सिंह को राष्ट्रपति पद पर बैठाया गया।

कार्यकाल प्रारंभ से अंत तक विवादों से ही घिरा रहा। पप्पू मौर्या

ज्ञानी जैल सिंह का राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल प्रारंभ से अंत तक विवादों से ही घिरा रहा. इन्दिरा गांधी के आदेशों के अनुसार जब सिख अलगाववादियों के मंसूबे नाकाम करने के उद्देश्य से स्वर्ण मंदिर में छुपाए गए हथियार और खालिस्तानी समर्थकों को पकड़ने के लिए

ऑपरेशन ब्लू स्टार चलाया गया, उस समय ज्ञानी जैल सिंह ही राष्ट्रपति थे. इन्दिरा गांधी की हत्या और उसके विरोध में हुआ सिख नरसंहार भी इन्हीं के काल में हुआ. इसके अलावा भारतीय डाक विधेयक, जिसके अंतर्गत निजी पत्रों के संप्रेषण और आदान प्रदान पर आधिकारिक सेंसरशिप लगाने का प्रावधान लागू किया जा सकता था, जैसे कठोर और अलोकतांत्रिक विधेयक को पास ना करने पर भी ज्ञानी जैल सिंह का राजीव गांधी से मनमुटाव हो गया था. हालांकि इस विधेयक पर अपने विशेषाधिकार पॉकेट वीटो का प्रयोग कर इसे पास ना करने पर इन्हें नागरिकों की बहुत प्रशंसा मिली थी. लेकिन यह भी माना जाता है कि उनके इस कदम ने राजीव गांधी सरकार के पतन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. राजीव गांधी भारतीय डाक विधेयक जैसा कठोर विधेयक पास करवाना चाहते थे, उनकी इस मंशा ने समाज में उनकी छवि को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया था।

दुर्घटना के दौरान ज्ञानी जैल सिंह का निधन। नरेन्द्र विश्वकर्मा

ज्ञानी जैल सिंह बेहद धार्मिक व्यक्तित्व वाले इंसान थे. राष्ट्रपति पद पर पहुंचने के बाद भी जब कभी भी वह पंजाब के आस–पास होते थे, वह आनंदपुर साहिब जाना नहीं भूलते थे. इसी तरह वह लगातार तीर्थयात्राएं करते रहते थे. 1994 में तख्त श्री केशगड़ साहिब जाते समय उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई. उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ इलाज के लिए ले जाया गया, जहां उनकी 25 दिसम्बर 1994 को मृत्यु हो गई. दिल्ली में जहां ज्ञानी जैल सिंह का दाह–संस्कार किया गया उसे एकता स्थल के नाम से जाना जाता है।

ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा, विश्वकर्मा वंश को गर्व है। डॉ जगदीश विश्वकर्मा

ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा देश के पहले विश्वकर्मा वंशज और सिख राष्ट्रपति थे. वह देश और अपने धर्म के लिए प्रतिबद्ध और जनता के हितों की रक्षा करने वाले व्यक्ति थे. उन्होंने अपने कार्यकाल में यह बात प्रमाणित कर दी थी कि जनता और देश का विकास ही उनकी प्राथमिकता है. चाहे अंग्रेजों को भारत से बाहर निकालना हो या भारतीय डाक विधेयक पास ना करना हो, वह हमेशा अपने निश्चय पर अडिग रहे. भारतीय राजनीति में आज भी उन्हें एक निरपेक्ष और दृढ़ व्यक्तित्व वाले व्यक्ति के रूप में याद किया जाता है।

ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा जी के वंशज पंजाब में है। अरविन्द विश्वकर्मा

ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा के पुत्र जोगिंदर सिंह विश्वकर्मा, पौत्र इंद्रजीत सिंह विश्वकर्मा है आदरणीय इंद्रजीत सिंह विश्वकर्मा जी में स्वम ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा जी की छवि नजर आती है इंद्रजीत सिंह विश्वकर्मा जी रात दिन विश्वकर्मा वंशजों को किस तरह प्रथम पँगती में लाया जाएं तन मन धन से लगे रहते हैं इंद्रजीत सिंह विश्वकर्मा जी के इन प्रयासों से विश्वकर्मा वंश उनका ऋणी है। 25 दिसंबर 2022 दिन रविवार को श्री विश्वकर्मा मंदिर आदमपुर जौनपुर में श्री विश्वकर्मा पूजा महासमिति जौनपुर के तत्वाधान में भारत के सातवें राष्ट्रपति विश्वकर्मा समाज के गौरव ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि का कार्यक्रम रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर श्यामा वर्ल्ड स्कूल के प्रधानाचार्य इंद्रजीत विश्वकर्मा अध्यक्षता अरविंद विश्वकर्मा और समापन द्वारा किया गया संस्था द्वारा मुख्य अतिथि महोदय को सम्मान पत्र दिया गया। संस्था के अध्यक्ष उमाकांत विश्वकर्मा, कन्हैया लाल विश्वकर्मा ,अजय विश्वकर्मा,अशोक, बंसराज विश्वकर्मा ,अमरेंद्र , नरेंद्र ,राधेश्याम, डॉक्टर जगदीश विश्वकर्मा ,एडवोकेट बिरेंदर विश्वकर्मा, सत्यनारायण विश्वकर्मा ,मुन्ना लाल विश्वकर्मा ,दीपक आर विश्वकर्मा ,दिनेश विश्वकर्मा, दिलीप विश्वकर्मा, प्रेमचन्द, बच्चूलाल, महेश , आकाश गुलजीत विश्वकर्मा गप्पू मौर्य प्रधान राजेश गौतम, प्रदेश सचिव हाजी बंधु आदि उपस्थित रहे।

थाना मड़ियाहूँ पुलिस द्वारा 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर श्री अजय साहनी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तथा क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ श्री अशोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे प्र.नि. ओम नारायण सिंह के नेतृत्व मे दिनांक 25.12.2022 को थाना स्थानीय की पुलिस टीम व आबकारी टीम द्वारा सतिमाई तिराहे के पास संदिग्ध चेकिंग की जा रही थी, मुखबिर खास की सूचना पर जोगापुर नहर पुलिया सरायकालिदास मार्ग के पास से एक व्यक्ति को समय करीब 14.00 बजे गिरफ्तार किया गया जिसने अपना नाम राजेश कुमार गौतम पुत्र राय साहब गौतम निवासी ग्राम चहरपुर थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर उम्र 26 वर्ष बताया जामा तलासी ली गयी तो उसके पास से दो जरिकेन में 10–10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुआ। जिसके संबंध में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्त– 1. राजेश कुमार गौतम पुत्र राय साहब गौतम निवासी ग्राम चहरपुर थाना मडियाहूँ जनपद जौनपुर बरामदगी–20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद आपराधिक इतिहास– 1. मु.अ.सं. 395/2022 धारा 60 आबकारी एक्ट थाना मड़ियाहूँ जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः– 1.प्र.नि. ओम नारायण सिंह थाना मडियाहूँ, जौनपुर 2. उ.नि. शिवभंजन प्रसाद थाना मडियाहूँ, जौनपुर 3.का0 भाष्करानन्द, का0 भानूप्रताप यादव, का0 सूर्यकुमार यादव थाना मडियाहूँ, जौनपुर 4.आबकारी निरीक्षक श्री बसन्त प्रसाद, हे. का. आ0का0 यशवन्त कुमार, का. आबकारी मनोज कुमार आबकारी क्षेत्र 2 मडियाहूँ जौनपुर

साहिबजादा जोरावर फतेहसिंह का बलिदान सदा देगा प्रेरणा –कुलसचिव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : 25 जनवरी रविवार को अपना दल एस पार्टी जिला कार्यालय पर 12 वीं सदी के महा प्रतापी महानायक एवं जननायक महा राजा बिजली पासी की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपई की जयंती धूमधाम और विशेष हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने बिजली पासी एवं अटल बिहारी बाजपेई तथा पार्टी के संस्थापक डॉक्टर सोनेलाल पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण करके भव्य स्वागत किया। महाराजा बिजली पासी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि 12 वीं सदी के उत्तर राज्य के मध्य क्षेत्र के महान प्रतापी राजा का राज्य था। उन्होंने उनके जीवन वृतांत के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान बिजनौर जिला उनकी माता बिजना देवी के नाम पर ही रखा गया है जो पहले बिजना गढ़ के नाम से जाना जाता था। राष्ट्रीय सचिव ने बताया कि वह एक महान पराक्रमी राजा थे जिन्होंने किसी की गुलामी स्वीकार नहीं की। कन्नौज के राजा जयचंद ने कई बार आक्रमण किया किंतु हर बार उसे बिजली पासी से परास्त होना पड़ा। उनके सामाजिक योगदान को याद करते हुए राष्ट्रीय सचिव ने बताया कि वह गरीबों और दलितों के मसीहा थे जिन्होंने कमजोर वंचित समाज के लोगों को सशक्त करने का कार्य किया। उन्होंने बताया कि आज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल समाज के कमजोर, पिछड़े, गरीब, दलित और वंचित समाज के लोगों अधिकार की लड़ाई लड़ने और उनका हक दिलाने के लिए काम कर रही हैं।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष उनके पद चिन्हों पर चलते हुए उनके सपनों को साकार कर रही हैं।पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई के अद्वितीय व्यक्तित्व को याद करते हुए शत शत नमन किया। श्रीमाली ने अपने उद्बोधन में बताया कि अटल बिहारी वाजपेई की राजनीति नीतिगत थी। बिना किसी भेदभाव और बिना किसी द्वेष की भावना से वह राजनीति करते थे।पूर्व प्रधानमंत्री राजनीति में कभी भी छल प्रपंच या

कूटनीति का सहारा नहीं लेते थे। उनकी राजनीति साफ–सुथरी थी। जिसका नतीजा रहा कि आज करोड़ों हृदय में उनके प्रति अपार श्रद्धा की भावना भरी हुई है। किसानों का हित और उनका उत्थान उनके प्रमुख एजेंडे में शामिल था। वह ऊंच–नीच जातिवाद, अमीरी गरीबी, दलगत राजनीति की भावनाओं से ऊपर थे। समाज के सर्वांगीण विकास और देश का उत्थान करना ही उनका मुख्य उद्देश्य था। उनके हृदय में पक्ष और विपक्ष की भावना बिल्कुल नहीं थी बल्कि वह दोनों पक्षों को प्रेम के धागे में पिरो कर एकता के सूत्र में बांध कर रखते थे ।वह सत्ता पक्ष की मजबूती तभी समझते थे जब उनके समक्ष मजबूत विपक्ष हो। विपक्ष की भूमिका की मजबूती के वह पक्षधर थे इसीलिए आज पूरा देश उनकी श्रद्धा के समक्ष नतमस्तक है।अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष विनायक पटेल ने कहा कि दोनों महापुरुषों की जयंती मनाने के लिए इसलिए लोग एकत्रित हैं ताकि हम समाज के प्रति उनके द्वारा किए गए योगदान को याद करें और उनके बताए गए रास्ते पर चल सकें जिससे सशक्त भारत का निर्माण हो सके। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व प्रधानमंत्री पटेल जी और बिजली पासी के आदर्शों पर चलकर शोषित और वंचित समाज के लोगों को उनके अधिकार दिलाने का सराहनीय कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष डॉ मनीष यादव ने किया ।मौके पर अनिल जायसवाल, रामसमुझ गौतम, योगी सुरेंद्र नाथ ,जय प्रकाश पटेल ,राजेंद्र प्रजापति ,रामधनी पटेल ,राजेश ,मुन्ना बिंद, सूरज पटेल, आदि लोग उपस्थित रहे।

सीओ व थानाध्यक्ष द्वारा छात्र छात्राओं को यातायात साइबर क्राइम के प्रति किया गया जागरूक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : न्यू शक्ति कॉलेज आफ आईटी एंड मैनेजमेंट में रविवार को यातायात व साइबर क्राइम जागरूकता अभियान तथा मेधावियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी मछलीशहर अतर सिंह, विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी विवेक तिवारी व संस्था के डायरेक्टर राजन सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। छात्रों को साइबर क्राइम व यातायात के प्रति जागरूक किया गया।साइबर ठगी से बचने के लिए कई बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।मुख्य अतिथि सीओ अतर सिंह ने कहा कि आप सभी लोग पुलिस के डर से नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट लगाएं। किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने अकाउंट का विवरण, एटीएम कार्ड नंबर, पिन नंबर ,ओटीपी, नंबर व एसएमएस को शेयर न करें। एटीएम हमेशा अकेले प्रयोग करें। किसी अनजान व्यक्ति की मदद न ले। अपने खाते का पासवर्ड किसी के साथ शेयर ना करें ना ही उसे कंप्यूटर या मोबाइल पर सेव करें। उन्होंने दुपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर बांधने के लिए लोगों को संकल्पित किया। विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी विवेक तिवारी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क हादसों पर अंकुश लगाया जा सकता है। बिना लाइसेंस के गाड़ी ना चलाएं और ना ही चलाने दें। किसी अपरिचित व्यक्ति की फोन कॉल आने पर अपने वित्तीय मामले की डिटेल कभी भी शेयर ना करें। सोशल साइट के माध्यम से या ऑनलाइन मदद के नाम पर रुपए मांगने वाले को बिना पहचान किए कोई धनराशि ना दें।टीवी, अखबार, ऑनलाइन, माध्यम के जरिए दिए जाने वाले लोक लुभावने आफरों के झांसे में ना आए। विद्यालय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं में कमलेश तिवारी, शिफा ,शाहिना, विकास मौर्य, अमित सरोज,चन्द्रेश मौर्या,सुहानी दूबे,निकिता सिंह ,संध्या पांडेय,शिव कुमार,अभिषेक यादव,लवकुश, श्रेया,प्रियंका,पवन कुमार, अरविंद कुमार,ऋषि कांत, संध्या पटेल,निशी देवी,निधी मिश्रा,आकांक्षा गुप्ता व हिमांशु मिश्रा आदि को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सीओ अतर सिंह, थाना प्रभारी विवेक तिवारी को डायरेक्टर राजन सिंह ने अंगवस्त्रम व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का संचालन डायरेक्टर राजन सिंह व अध्यक्षता राकेश मिश्रा ने किया।

भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन पर भावुक हुए विद्यासागर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हार नही मानूंगा,रार नही ठानूंगा।काल के कपाल पर लिखता मिटाता हूं। गीत नया गाता हूं। मैं गीत नया गाता हूं भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई द्वारा लिखी गई यह कविता याद कर विधान परिषद सदस्य व पूर्व प्रदेश महामंत्री विद्यासागर सोनकर भावुक हो गए। मौका था भारतरत्न के जन्मदिवस पर शीतला चौकियां धाम में आयोजित संगोष्ठी का। जिसमें वह बतौर मुख्य अतिथि पहुंचें थे।विधान परिषद सदस्य व पूर्व प्रदेश महामंत्री विद्यासागर सोनकर ने भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।संगोष्ठी में सजीव प्रसारण चल रहे मन की बात कार्यक्रम में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने के बाद भावुक हुए विद्यासागर ने भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा की यह मेरा सौभाग्य है की मैने उनके साथ संसद में समय व्यतीत किया। और इतने वर्षो तक कार्य किया। उनको देखन, सुनने,समझने का सौभाग्य मुझे मिला।उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणादायक होने के साथ ही अनुकरणीय है।उनका धैर्य,संयम, वाक पटूता,नेतृत्व क्षमता अद्भुत थी।कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश जी,नगर महामंत्री विकास पंडा,नगर के उत्तरी क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, पत्रकार जय प्रकाश वर्मा आदि ने भी पुष्पांजली अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम का संचालन इमरान ने किया।आयोजक रितेश यादव ने सभी का आभार प्रकट किया। नान्हक यादव,देवानंद मौर्य, रवि शास्त्री, आकाश यादव, संदीप श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव समेत सैकडो लोग उपस्थित रहे।

भारत में नए युग की शुरुआत की थी अटल बिहारी बाजपेई ने –बी पी सरोज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रविवार को नगर के उमराना मोहल्ले में आयोजित पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बी पी सरोज ने कहा कि बाजपेई जी ने परमाणु परीक्षण करके भारत में नए युग की शुरुआत की थी।इसके अलावा नदियों को जोड़ने की योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज सरक परियोजना आदि योजनाओं को लागू किया था।भारत में नए युग की शुरुआत की थी।कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने बाजपेई जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।सांसद बी पी सरोज के अलावा राकेश जायसवाल,मनोज जायसवाल,हरिओम गुप्ता, राजकुमार पटवा,शशिकांत त्रिपाठी, भोलानाथ गुप्ता,समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।उक्त के अतिरिक्त खानजादा मोहल्ला में भी पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। उनके चित्र पर भाजपा नेता सुरेंद्र विक्रम सिंह ने,रामलखन मौर्य,सुजीत जायसवाल, नीतेश जायसवाल ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया।

भाजपा सांसद के साथ कार्यकर्ताओं ने सुनी पी एम के मन की बात

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रविवार की नगर के सादिगंज दक्षिणी वार्ड अर्तगत उमराना मोहल्ले के आनी उमर के आवास पर भाजपा सांसद बी पी सरोज ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात को सुनी। मन की बात के 96वा संस्करण में प्रधानमंत्री ने देश के विकास के रफ्तार पर चर्चा की।अपने संबोधन में कर्नाटका के सुपाली के उत्पाद की विदेश में चर्चा होने की बात कही तो नमामि गंगे परियोजना की यू एन में चर्चा होने का जिक्र किया । साथ ही देश के पारंपरिक हुनर की पहचान विदेश में हुई है। इसके अलावा योग और आयुर्वेद को बढ़ावा दिया गया है। इस प्रकार देश के विकास के पथ पर रफ्तार के साथ अग्रसर होने का जिक्र मन की बात में किया है।कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल ,राकेश जायसवाल, दशरथ विश्वकर्मा, भोला गुप्ता,डा0 केवला प्रसाद, अनी उमर ,हरिओम गुप्ता,राजकुमार पटवा,समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।उधर खानजादा मोहल्ला में भाजपा नेता सुरेंद्र विक्रम सिंह,राम लखन मौर्य नितेश कुमार जायसवाल के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी।

10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय तेजीबाजार पुलिश द्वारा 24 दिसम्बर की रात्रि भ्रमण के दौरान सन्देह के आधार पर एक आदमी को रोकर उसको चेक किया गया तो उसके पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई पुलिश के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त प्रेमनारायण चौहान पुत्र सर्वजीत चौहान निवासी कलिंजरा थाना तेजीबाजार जौनपुर को रात्रि गिरफ्तार किया गया, ।अभियुक्त प्रेमनारायण चौहान के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामदगी की गयी, बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर धारा 60 आबकारी अधिनियम बनाम प्रेमनारायण चौहान पुत्र सर्वजीत चौहान निवासी कलिंजरा थाना तेजीबाजार जौनपुर के पंजीकृत किया गया।

तीन के विरुद्ध एससी एसटी का केस दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली क्षेत्र के रैभानीपुर गांव निवासी तीन लोगों के विरुद्ध पुलिस ने रविवार को एससी एसटी का केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गांव निवासिनी संगीता पत्नी राजेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि अलाउद्दीनपुर गांव निवासी भोले सिंह, चंद्रभान सिंह पुत्र गण हरिहर सिंह व मनीष सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह ने 21 दिसम्बर को दोपहर लगभग 12 बजे रेलवे लाइन के किनारे चूल्हा जलाने हेतु लकड़ी काटते समय आये तथा गाली देते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किये। शोर मचाने पर मेरी बेटी साधना भी मौके पर पहुंच गई। उसे भी गाली देते हुए मारने पीटने लगे। किसी तरह लोगों ने बीच बचाव किया। जाते–जाते उक्त तीनों लोगों ने जान से मारने की धमकी भी दिया। पुलिस ने तीनों के विरुद्ध एससी एसटी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज मामले की जांच–पड़ताल में जुटी है।

महाराजा बिजली पासी ने कभी किसी की अधीनता स्वीकार नहीं की थी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भाजपा सांसद बीपी सरोज ने महाराजा बिजली पासी की जयंती पर सुशीला पैलेस में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा बिजली पासी ने अपने पूरे जीवन काल में किसी की भी अधीनता स्वीकार नहीं की और एक पराक्रमी राजा के रूप में उन्हें याद किया जाता है। कहा कि पासी समाज को वर्तमान में अपने शिक्षा ,राजनैतिक और सामाजिक स्तर को सुधारने के लिए पूरा प्रयास लगाना चाहिए। कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पासी समाज से मुझे संसद भेजने का मौका दिया। कहा कि दलितों का हित सिर्फ भाजपा में ही सुरक्षित है। इस मौके पर महाराजा बिजली पासी के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। तथा उनकी जयंती के अवसर पर केक भी काटा गया। प्रमुख उपस्थित लोगों में राकेश रावत ,रंजीत पासी ,आकाश पासी, शिवम पासी ,शिव कुमार पासी रामआसरे सरोज ,हरीलाल सरोज अंगनू राम सरोज, संतोष सरोज , भीमा सरोज ,अरविंद सरोज, विनोद सरोज धनुर्धारी सरोज अमित पासी अवधेश सरोज, राम वचन सरोज लालाराम सरोज, शुभम पासी रमेश सरोज सुनील पासी डॉक्टर सूरज पासी , नरेंद्र पासी , विजय कुमार सरोज धर्मेंद्र कुमार सरोज आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन अतुल पासी ने किया।

जन चौपाल में ग्रामीणों के साथ बैठक कर सुनीं समस्याएं

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शासन के निर्देश पर सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत रविवार को हुसेनाबाद,भरारी,एवं हमजापुर गांव में पंचायत भवन पर जन चौपाल का आयोजन हुवा।पंचायत भवनों पर आयोजित उक्त कार्यक्रम में सचिव उगेश पाठक,मो शाहिद, सौरभ मिश्रा ने उपस्थित ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया।उन्होंने मनरेगा जाबकार्ड,पेंशन,श्रमकार्ड एवं आयुष्मान कार्ड,किसान सम्मान निधि आदि बनवाने की प्रक्रिया तथा उसमे मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दिया।इस दौरान ग्राम प्रधान मनोज यादव,धर्मेंद्र कुमार,उमाशंकर यादव,गुलबना बानो, लेखपाल सौरभ सेठ,ऋतुराज बीटीएम सुनील यादव, रोजगार सेवक हसन अब्बास सहित ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी मण्डल जलालपुर के सभी बूथों पर आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को भाजपाजनों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सुशासन दिवस के रूप में मनाया एवं उन्हें याद किया।इसी क्रम में बीबनमऊ में बूथ अध्यक्ष कृष्ण सिंह के आवास पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में जिलामहामंत्री डॉ अजय कुमार सिंह,मण्डल अध्यक्ष रणविजय सिंह,महरेंव में जिलामहामंत्री मनोज दुबे,जिलाउपाध्यक्ष वृजनरायन दुबे ने अटल जी के विषय में अपना विचार व्यक्त किया।डॉ विजय कुमार मिश्रा,कृष्णचन्द्र चौबे,धीरेंद्र सिंह मिंटू,सुशील निषाद,बृजेश निगम,विपिन सिंह,विकास पाल,सौरभ गुप्ता,विवेक सिंह,मोहित उपाध्याय,शिवमूर्ति सिंह,योगेंद्र प्रताप सिंह, फतेहबहादुर सिंह,रमेश मौर्य,अमरराज निषाद,विशाल सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पूर्व विधायक पं. रमेशचंद्र शर्मा की मनायी गयी 53वीं पुण्य तिथि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रविवार को महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व विधायक पं. रमेशचंद्र शर्मा की 53वीं पुण्यतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य, वरिष्ठ सपा नेता अजय त्रिपाठी 'मुन्ना' के आवास पर सहायक लेखाधिकारी रजनीश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उपस्थित गणमान्य लोग सर्वप्रथम पं. रमेशचन्द्र शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा किए। अध्यक्षता करते हुए सहायक लेखाधिकारी रजनीश श्रीवास्तव ने कहा कि पंडितजी क्षेत्र के गांधी के नाम से लोगों में जाने जाते थे। मड़ियाहूँ से मछलीशहर मार्ग का निर्माण उन्होंने श्रमदान से कराया था। कलेक्ट्रेट अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री श्री आनन्द मिश्रा ने कहा कि कृषि के विकास के लिए गाँवों में ट्यूब वेल,लगवाया व नहर की खुदाई कराई । श्री अजय त्रिपाठी ने कहा कि जनसेवा के साथ–साथ पारिवारिक दायित्वों का निर्वाह 'बाबाजी' ने पूरी निष्ठा से किया ।शैक्षिक विकास के साथ उन्होंने आम समाज,की महत्ता पर भी जोर दिया, व परिवार की मर्यादाओं पर भी जोर दिया। श्रद्धांजलि

सभा का संचालन दीपक पाठक 'देव' ने किया, श्रद्धांजलि सभा में , डॉ संतोष तिवारी,,विनोद पाठक ,ऋषि सिंह, मनीष अस्थाना, अमित दुवे, वेदान्त त्रिपाठी, विराट त्रिपाठी ,आकर्ष त्रिपाठी, कमलेश यादव, मयंक नारायण, संजय सिंह, राजेश मौर्या, अनुराग श्रीवास्तव,सुभाष जायसवाल के साथ– साथ सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि दी। आये हुए लोगों का स्वागत एवं आभार पंकज त्रिपाठी 'एडवोकेट' ने किया।

इम्बार्क ऑन 2022 के माध्यम से नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तिलकधारी महाविद्यालय के परास्नातक द्वितीय वर्ष (अंग्रेजी) के छात्रों ने परास्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले नवीन छात्रों के लिए इम्बार्क ऑन 2022 शीर्षक फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. आर एन ओझा, अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ वन्दना दूबे, प्रो. ज्ञानेंद्र धर दुबे, एसोसिएट प्रो. कनक सिंह तथा प्राध्यापक कुँवर शेखर गुप्ता ने अपने आशीर्वचन के माध्यम से सभी छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया । सांस्कृतिक कार्यक्रम में एम.ए. द्वितीय वर्ष से वैष्णवी, साक्षी, दिव्यांशी, प्राची, रानी पाठक ने एवं एम.ए. प्रथम वर्ष से शालिनी राजभर, सचिन उपाध्याय, नेहा मिश्रा, खुशी सिंह, सृष्टि तिवारी, प्रिया गुप्ता, निधी, आकांक्षा मौर्या, वंशिका सिंह, राधिका समेत दर्जनो अभ्यर्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से सभी का मन मोहा। परम्परानुसार सभी प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए मिस फ्रेशर के रूप में नेहा मिश्रा एवं मिस्टर फ्रेशर के रूप में किशन उपाध्याय को चयनित किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश के लिए बधाइयाँ दी। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वन्दना दूबे ने नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें अपने अंदर सहनशीलता एवं सकारात्मकता जैसे गुणों को अपनाते हुए अध्ययन को करने की सलाह दी और अपने ज्ञान के माध्यम से महाविद्यालय का नाम रौशन करने के लिए शुभाशीष प्रदान किया। प्रोफेसर जी. डी. दुबे ने कहा कि कॉलेज में एक अध्यापक का हर एक क्षण छात्रों के लिए होता है इसलिए वो जितना चाहें अपने प्राध्यापकों से सीखते रहें तथा उनकी सहायता लेते

हुए अपने अध्ययन को करते रहें। डॉ कनक सिंह ने अध्यापक को एक नारियल की संज्ञा देते हुए कहा कि अध्यापक बाहर से कठोर और अंदर से एकदम मुलायम होते हैं इसलिए उनकी डांट तथा मार को समझने की आवश्यकता होती है, इस दौरान उन्होंने एक गीत के माध्यम से छात्रों को प्रेरित तथा उनका मार्गदर्शन करने का भी कार्य किया। कुँवर शेखर गुप्ता ने छात्रों से अपने छात्र जीवन के संस्मरण को साझा करते हुए उन्हें अपने प्राध्यापक के हर एक क्रियाकलाप को बहुत ही सूक्ष्मता से ध्यान देने तथा उसे अपने जीवन मे उतारने की सलाह दी और कहा कि अध्यापक किताब की ज्ञान के साथ साथ छात्र के पूरे व्यक्तित्व के विकास के लिए अप्रत्यक्ष रूप से भी अन्य कई प्रकार का ज्ञान देते रहते हैं जिसे छात्रों को समझने तथा आत्मसात करने की आवश्यक्ता होती है। कार्यक्रम का संचालन अरशद खान व दिव्यांशी गुप्ता ने किया। फ्रेशर्स पार्टी के सफलतापूर्वक आयोजन में परास्नातक द्वितीय वर्ष के अरशद, शिवम, प्रतीक, मंतशा, रानी, प्रियांशी, वैष्णवी, आनंद, सूर्यकांत, आरती, कृतिका, आजाद, एवं परास्नातक प्रथम वर्ष से प्रिंस तथा वंशिका ने महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया । इस दौरान परास्नातक (अंग्रेजी) के प्रथम तथा द्वितीय वर्ष के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहें।

थाना चन्दवक पुलिस द्वारा एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर, डा0 संजय कुमार के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत के निकट पर्यवेक्षण में कार्यवाही करते हुए दिनांक 25.12.2022 को प्रभारी निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस बल के सहयोग से अभियुक्त प्रद्युम्न शर्मा पुत्र रमेश शर्मा निवासी अमिलिया थाना चन्दवक जनपद जौनपुर को एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ ग्राम अमिलिया नहर मोड़ से गिरफ्तार किया गया। उक्त के संबंध में अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्तदृ 1.प्रद्युम्न शर्मा पुत्र रमेश शर्मा निवासी अमिलिया थाना चन्दवक जनपद जौनपुर उम्र 22 वर्ष बरामदगी– 1. एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर । पंजीकृत अपराध– 1. मु0अ0सं0 225/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1–मु0अ0सं0 1250/17 धारा 147, 148, 149, 307, 41, 411, 414, 419, 420, 467, 468, 47, 504, थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 2–मु0अ0सं0 213/19 धारा 307,34 भादवि थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 3–मु0अ0सं0 214/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 4–मु0अ0सं0 217/19 धारा 41, 411, 413, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि थाना चन्दवक जनपद जौनपुर । 5–मु0अ0सं0 454/17 धारा 392,506 भादवि धारा

307,34 भादवि थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर 6–मु0अ0सं0 1516/17 धारा 307, 34, 392, 411 भादवि थाना केराकत जनपद जौनपुर। 7–मु0अ0सं0 1523/17 धारा 307 भादवि थाना केराकत जनपद जौनपुर। 8–मु0अ0सं0 1525/17 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना केराकत जनपद जौनपुर। 9–मु0अ0सं0 1526/17 धारा 411, 414 भादवि थाना केराकत जनपद जौनपुर। 10–मु0अ0सं0 107/20 धारा 307 भादवि 25 आर्म्स एक्ट थाना मेहनाजपुर जनपद आजमगढ़ गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम दृ 1–प्रभारी निरीक्षक श्री विजय शंकर सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर । 2–उ0नि0 जितेन्द्र बहादुर सिंह चौकी प्रभारी बजरंगनगर थाना चंदवक जनपद जौनपुर। 3–हे0का0 विजय कुमार दूबे थाना चंदवक जनपद जौनपुर 4–का0 संदीप यादव थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 5–का0 सूर्यभान सिंह थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। 6–का0 सुरज कुमार थाना चन्दवक जनपद जौनपुर ।

क्रिसमस से पूर्व नन्हे–मुन्ने बच्चों द्वारा ईसा मसीह के जीवन का चित्रण नाटक से किया रूपांतरण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राज शिशु प्ले स्कूल दिल्ली दरवाजा में क्रिसमस से पूर्व नन्हे–मुन्ने बच्चों द्वारा ईसा मसीह के जीवन का चित्रण नाटक रूपांतरण किया गया इसमें आराध्या मदर मैरी बनी थी और ईसा मसीह के पिता अमन वारसी बने हुए थे एंजेल के रूप में मंजू आकांक्षा मानवी थी इन्होंने आ करके बताया कि पृथ्वी पर भगवान के रूप में ईसा मसीह का जन्म होगा ईसा मसीह के जन्म के पूरा वृतांत दिखाया गया नाटक रूपांतर में और ईसा मसीह का संदेश सत्य अहिंसा और धर्म के मार्ग पर चलने का भी संदेश दिया गया बच्चों को भी बताया गया कि हमेशा सत्य की राह पर चलें कभी किसी से हिंसा ना करें और अपने द्वारा किसी का दिल ना दुखे इसका भी ध्यान देना चाहिए ईसा मसीह ईसाई धर्म के संस्थापक थे और उन्होंने बहुत ही जीवन में कठिनाइयों को सहते हुए कभी भी अपने धर्म के विपरीत कोई कार्य नहीं किया जिंगल बेल जिंगल बेल सांग पर बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया इसमें आयशा आराध्या मानवी माही नैना इत्यादि बच्चों ने बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया सेंटा बने फरीद ने सभी का मन मोह लिया और सबको टॉफी और गिफ्ट्स बाटे जिंगल बेल जिंगल बेल करते हुए सभी बच्चों ने धूमधाम से इस सॉन्ग पर खूब मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया प्रधानाचार्य ने आए हुए अतिथि गण अभिभावकों का धन्यवाद दिया और बच्चों को यह भी बताया कि फैजाबाद शहर में कई गिरजाघर है जहां पर ईसाई धर्म के लोग जाते हैं मोमबत्तियां जलाते हैं और प्रभु से विश्व शांति की प्रार्थना करते हैं इस अवसर पर विद्यालय में को बड़े सुंदर से सुसज्जित किया गया सभी अध्यापिकाओं में संगीता अरोडा ने पूरी कार्यक्रम की जिम्मेदारबखूबी निभाई विधालय परिवार की समस्त अध्यापिकाए ने पूरा सहयोग करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

वरिष्ठ सपा नेता ने खेत में हल चलाकर मनाई पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रुदौली विधान सभा क्षेत्र में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।भारत के पांचवें प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह को एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है,इसलिए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार लोधी ने खेत में हल और कुदाल चलाकर पूर्व प्रधानमंत्री श्री चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस साथियों के साथ मनाया। विनोद लोधी ने बताया की चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन देशभर में किसान दिवस या राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है।यह दिवस समाज में किसानों के योगदान और देश के समग्र आर्थिक एवं सामाजिक विकास के महत्व को समझने के लिए नागरिकों के बीच जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु मनाया जाता है।श्री चौधरी ने छोटे और सीमांत किसानों के मुद्दे को सबसे आगे लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह हमेशा किसानों के अधिकारों के लिए लड़े और खड़े रहे।श्री चौधरी चरण सिंह के कारण ही देश में जमींदारी प्रथा खत्म हुई और वह देश के जाने–माने किसान नेता थे जिनका राष्ट्रीय राजनीति में अहम योगदान रहा।श्री लोधी ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी शोषितों,वंचितों,उपेक्षितों और अन्नदाता किसान बंधुओं के कल्याण के लिए आजीवन संघर्षरत रहे। सरकार को चाहिए की कृषि पर वाद–विवाद और सेमिनार जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके देशभर के किसानों को प्रोत्साहित करे।इस अवसर पर महारानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी उत्थान समिति रुदौली के पूर्व अध्यक्ष श्री गयादीन लोधी,अलगू प्रसाद लोधी,हंसराज लोधी,विवेक कुमार लोधी,प्रभाकर लोधी,काली प्रसाद सोनकर सहित तमाम अन्नदाता किसान मौजूद रहे।

आक्रोशित श्रमिकों ने किया विभागाध्यक्ष सिंचाई विभाग का किया घेराव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय सांस्कृतिक संग्रहालय व पार्क रायबरेली रोड लखनऊ (एस पीजीआई) के पास लगभग 16 वर्षों तक कार्यरत श्रमिकों को अवैधानिक तरीके से कार्य से विरत/वंचित कर दिया गया है , 'जो अपनी जिन्दगी का अमूल्य समय 16 वर्षों तक दिया है' जिसके पुनर्स्थापन के लिए यूनियन द्वारा काफी समय से संघर्ष किया जा रहा है , इन अति गरीब श्रमिकों के पुनर्स्थापन हेतु यूनियन द्वारा धरना, प्रदर्शन,गेट बन्दी आदि किया जा रहा था, जो बीच में ही पुलिस प्रशासन की मध्यस्थता में मुख्य अभियंता (शारदा सहायक) के द्वारा लिखित रूप में दिया गया कि अपर श्रमायुक्त लखनऊ के समक्ष विभाग अपना पक्ष रखेगा , वहां जो निर्णय होगा, उसे मान लिया जायेगा। अपर श्रमायुक्त लखनऊ के समक्ष अति गरीब श्रमिकों की ओर से यूनियन और विभाग की ओर से सम्बंधित अधिकारियों द्वारा अपना अपना पक्ष रखते हुए विधिवत अभिलेखीय परिक्षण कराया गया, जिसमें विभागीय अधिकारी गलत पाए गए , और श्रमिक पक्ष काफी मजबूत पाया गया, जिस पर अपर श्रमायुक्त लखनऊ के समक्ष दोनों पक्षों में समझौता/सहमती बनी कि कार्य से विरत/वंचित कर्मचारियों को पुनर्स्थापित करके कार्य पर ले लिया जाएगा, सहमती की दशा में अपर श्रमायुक्त लखनऊ द्वारा सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष व मुख्य अभियंता (शारदा सहायक) के लिए एक आदेश अति गरीब श्रमिकों के पक्ष पारित किया गया, कि श्रमिकों को पूर्व की भांति कार्य पर रख लिया जाए। जिस आदेश पर विभागीय सम्बंधित अधिकारी व यूनियन के प्रदेश महामंत्री श्री सुरेश कुमार त्रिपाठी व एक अधिवक्ता और अपर श्रमायुक्त लखनऊ के हस्ताक्षर किए गए। इसके बावजूद भी अब मुख्य अभियंता (शारदा सहायक) द्वारा अपर श्रमायुक्त लखनऊ के आदेश के अनुपालन करने के लिए प्रत्येक श्रमिक से 50 हजार रुपए की मांग की जा रही है, जिसकी शिकायत यूनियन के द्वारा मौखिक एवं लिखित रूप से की गई है, लेकिन विभागाध्यक्ष सिंचाई विभाग मौन की स्थिति बनाए हुए हैं, अति गरीब श्रमिकों को कार्य पर वापस लेने के लिए कोई आदेश पारित नहीं कर रहे हैं। जब कि अपर श्रमायुक्त लखनऊ के आदेश का पालन करने के लिए उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी द्वारा भी लिखा गया है , परन्तु बावजूद इसके भी सब कुछ नजरंदाज करते हुए अति गरीब

श्रमिकों का भीषण शोषण करते हुए सरकार को बदनाम करने का काम करते हुए कांग्रेसी सिस्टम बनाये रखना चाहते हैं, जो अत्यन्त ही निन्दनीय वह विधिविरुद्ध भी है। इस सम्बन्ध में यूनियन द्वारा लिखित रूप से चुनौती भी दी गई है , कि यदि विभाग अपने आपको निर्णय लेने में अपनी बौद्धिक छमता को कम समझता है , और अपने आप को अक्षम समझता है , तो ससर्त मुकदमे बाजी की जा सकती है , सर्त लिखित होगी। मुख्य अभियंता (अभियंता शारदा सहायक) के भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में पहले भी पत्राचार किये गये हैं , लेकिन भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी वर्तमान सरकार को बदनाम करने की नियत से आज तक कोई भी जीरो टॉलरेंस के अनुसार कोई भी जांच कार्रवाई न करके पत्रावली दबा दी गई है। अब सम्बंधित अति गरीब श्रमिक अपर श्रमायुक्त लखनऊ के आदेश का अनुपालन कराने के लिए प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष सिंचाई विभाग का घेराव किया है। जानकारी मिली है कि जब तक अपर श्रमायुक्त लखनऊ के आदेश का अनुपालन नहीं कराया जाएगा तब तक अति गरीब श्रमिक हटने को तैयार नहीं हैं , इसके लिए अति गरीब श्रमिक हर यातनाएं सहने के लिए तैयार हैं , अति शोषित श्रमिकों का कथन है कि विभाग के अधिकारियों द्वारा यदि हम गरीब श्रमिकों के साथ कोई भी जोर जबरदस्ती की जायेगी तो जितना हो सकेगा हम गरीब भी लड़ेंगे और अपने हक के लिए अपनी जान देने के लिए तैयार भी हैं , अपर श्रमायुक्त के आदेश का अनुपालन नहीं होता है और हम गरीब श्रमिकों के साथ किसी भी तरह की जोर जबरदस्ती की जायेगी तो, यदि इसमें किसी भी तरह की अप्राकृतिक घटना घटित होगी तो सारी जिम्मेदारी प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष सिंचाई विभाग की होगी। हम अति गरीब श्रमिकों के पास 50 हजार रुपए प्रति कर्मचारी देने के लिए नहीं है। ऐसे भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी को निलंबित करते हुए इसके द्वारा कराए गए समस्त कार्यों की इसके विभाग में नियुक्ती दिनांक से ही जांच कराया जाना राष्ट्रहित व जनहित व सरकार हित में होगा, नहीं तो ऐसे शोशक और भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी सरकार को बदनाम करने में कोई भी संकोच नहीं कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री की घोषणा का प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने किया स्वागत

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा पत्रकारों को आवासीय देने की घोषणा का स्वागत प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने प्रसन्नता ब्यक्त कर खुशी का इजहार किया है। मुख्यमंत्री जी ने अपने घोषणा में कहा है कि उत्तरप्रदेश के प्रत्येक जनपद में पत्रकारों को आवास के लिए सस्ते दरों पर सरकार आवास देने का काम करेगी जिसे गोरखपुर में सरकार ने इस योजना को बतौर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू कर दिया गया है , आगे इसे प्रत्येक जनपदों में सरकार लागू करेगी प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व आलाअधिकारियों को विगत 14 दिसम्बर 2022 को प्रेस क्लब अयोध्या के पत्रकारों की तरफ से एक मांग पत्र दिया था जिसमे उन्होंने मांग किया था कि श्री राम मंदिर के निर्माण के साथ साथ अयोध्या जनपद में रह रहे मान्यता प्राप्त व गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों व प्रेस छायाकारों के लिए पत्रकार पुरम कालोनी की स्थापना दो एकड़ जमीन अधिग्रहण कर की जाय उनकी मांग को संज्ञान में लेकर प्रदेश के हर जिले के पत्रकारों को बड़े दिन पर बड़ी सौगात पत्रकारों को दिया है जिससे पत्रकारिता जगत में खुशी की लहर दौड़ गयी है।

सपा विधायक गोशाईगंज अभय सिंह ने तारुन सीएचसी पर एटीएम हेल्थ मशीन लगाकर दिया क्षेत्रवासियों को तोहफा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के गोसाईगंज सपा विधायक अभय सिंह ने तारुन क्षेत्रवासियों को इलाज को एटीएम हेल्थ मशीन का तोहफा दिया।लगभग पांच लाख 40 हजार रुपये की लागत से विधायक निधि से खरीदी गयीं यह मशीन मरीजो के लिए बरदान साबित होगी।रविवार को पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ विधायक अभय सिंह ने सीएचसी अधीक्षक ने डिप्टी सीएमओ डॉ0 राजेश चौधरी, सीएचसी अधीक्षक डॉ0 रोहित चौरसिया के साथ एटीएम हेल्थ मशीन का उदघाटन किया।इस अवसर पर जांच कराने को लेकर मरीजो का रेला सीएचसी पर उमड़ पड़ा और बड़ी संख्या में मरीजो ने सीएचसी पहुँच बिना किसी शुल्क के अपनी निःशुल्क जांच कराई।इस अवसर पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि क्षेत्र में भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भर्ती गर्भवती महिलाओं को जांच के लिए रात्रि में या तो दूर जाना पड़ता था या फिर सुबह का इंतजार करना पड़ता था । जिसको देखते हुये मैंने इस हेल्थ एटीएम मशीन को अपने विधायक निधि से इस केंद्र पर स्थापित करने का काम किया है ।इससे सीएचसी पर आने वाली गर्भवती महिलाओं सहित अन्य मरीजों को जांच के लिए भटकना नहीं पड़ेगा । वही अधीक्षक डॉ0 रोहित चौरसिया ने विधायक अभय सिंह को स्वागत में बुके देकर

उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि इस मशीन के लग जाने से मरीजो की बीमारियों की कई जांचे निःशुल्क की जाये।गी जो 24 घर पर कार्य करेगी ।यह हेल्थ एटीएम मशीन खासकर गर्भवती महिलाओं के लिए बरदान साबित होगी । इस मौके पर सपा नेता संजय सिंह राजू , दीपू सिंह, सियाराम निषाद, नीरज सिंह, अमर सिंह, भारत वर्मा,अनिल भारती, पिंटू सिंह, के के सिंह, आंसू सिंह,जिला पंचायत सदस्य रामस्वरूप फैजाबादी, डॉक्टर महिपाल सिंह, फार्मासिस्ट शंभू गुप्ता, राम तिवारी, वार्ड बाय ज्ञान प्रकाश गुप्ता, स्टाफ नर्स अमिता सिंह, रामकेवल सहित अस्पताल के कर्मचारी डॉक्टर व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे ।

शस्त्र लाइसेन्स लिए है तो दीजिये कारतूस का हिसाब : गोलियां खरीदने के नियम को कर दिया गया है और सख्त –एडीएम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शस्त्र लाइसेंस धारकों को कारतूस खरीदते समय लिखित में बताना होगा। कि उन्होंने गोली कहां और क्यों चलाई। यानी एक–एक कारतूस को हिसाब अब प्रशासन को देने होगा। बढ़ते हर्ष फायरिंग पर रोक लगाने के लिए लगाई गई है। कुछ महीनों पहले कारतूस खरीदने के लिए नई गाइडलाइन जारी की गई थी। जिसके तहत कारतूस खरीदने के लिए एसडीएम और पुलिस अधिकारी से इजाजत लेनी होगी। इतना ही नहीं 90 फीसदी तक कारतूस के खोखे भी जमा करने होंगे। पिछले दो महीने से लोग कारतूस खरीदने के लिए इजाजत भी ले रहे थे और कारतूस के खोखे भी जमा कर रहे थे। लेकिन गोली कहां चलाई, इसके लिए कोई शूटिंग रेंज बता रहा था तो कोई जंगल में जानवरों को भगाने के लिए फायरिंग की बात बताता था। प्रतिवर्ष लाखों कारतूस बिक रहे है। लेकिन इन कारतूसों को लेकर सही विवरण नहीं शस्त्र धारी बता रहे थे। गोलियां खरीदने के लिए एडीएम सिटी की तहफ से जारी पत्र में नया कॉलम जोड़ा गया है। जिसमें अब शस्त्र धारक को लिखित रूप से बताना होगा कि उसने गोलियां कहां और किस उद्देश्य से चलाई। इजाजत पत्र पर एडीएम के साथ पुलिस अधिकारी के भी हस्ताक्षर होंगे। ऐसे में दोनों अधिकारी यदि शस्त्र लाइसेंस धारक की दलील से संतुष्ट हैं तो ही कारतूस खरीदने की इजाजत मिलेगी। एडीएम प्रशासन अमित सिंह ने बताया कि नए नियम के अनुसार लोगों को कारतूस खरीदते समय बताना होगा कि उसने गोलियां कहां और क्यों चलाई। जानकारी में आया है कि नियमों का सही से पालन नहीं किया जा रहा है। गोलियां खरीदने के नियम को और सख्त कर दिया गया है।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री द्वारा मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वाग्देवी के वरद पुत्र विश्व के श्रेष्ठ वक्ताओं में एक पूर्व प्रधानमन्त्री भारतरत्न अटलबिहारी वाजपेयी की जयन्ती पर सादर श्रद्धांजलि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ ममता पांडेय अर्पित की गई। पार्टी के निर्देशानुसार आज गोद लिए हुए ऑगनबाड़ी केन्द्र शाहनवाजपुर , अयोध्या में बच्चों एवं महिलाओं को फल एवं मिठाई वितरित कर श्रद्धेय अटल विहारी का जन्मदिवस धूम धाम एवं हर्षोल्लास के साथ डॉ ममता पांडेय के संरक्षकत्व में मनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोपाल जी दूबे (समाजसेवी) चन्द्र भूषण दूबे, पूर्व कोषाध्यक्ष बार एसोसिएशन, संजय मिश्रा,विवेक कुमार पाण्डेय, विजय यादव, मनीषा शुक्ला एकता चौबे उर्मिला पांडेय, मालती देवी, सिन्धु तिवारी,गुलशन जहां, आमिना बानो,जमिरूल निशा,राविया बानो,रन्नो खातून, कामिनी यादव मीना यादव, चन्द्रकला गुप्ता, साधना गुप्ता,कोशिल्ला गुप्ता,दीपा गुप्ता, ममता यादव,राधा गौड़ सरिता गौड़ आदि लोग मौजूद रहे।

डी.डी.एस ग्रुप जौनपुर के बैनर तले वन टाईम स्कॉलरशिप प्रोग्राम का किया गया आठवां वितरण आयोजन

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : जौनपुर स्थित डी.डी.एस ग्रुप जौनपुर के बैनर तले वन टाईम स्कॉलरशिप प्रोग्राम का आठवां वितरण आयोजन किया गया। इस वितरण के पूर्व विभिन्न के पूर्व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयेजन किया गया जिसमें विजेता बच्चों को चेक, प्रमाण पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया।मेंहदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ज्योति यादव, द्वितीय जोहा इस्लाम तृतीय शिवनी सेठ व रोशनी सिंह, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर संध्या प्रजापति, द्वितीय साधना मौर्या व प्रियांशी मौर्या, तृतीय स्थान पर राहुल निषाद व मधु कुमारी, भाषण प्रतियोगिता में हिन्दी, अंगेजी, उर्दू में क्रमशः प्रथम खुशी यादव, रिया मिश्रा व फरहान रहे द्वितीय स्थान पर द्वितीय स्थान पर क्रमशः काव्या यादव, द्विपदिनेश उपमा, हलीमा व तृतीय स्थान पर दीपाली जायसवाल व किसन सिंह रहे, प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में प्रथम आदित्या वर्मा, द्वितीय इस्मा परवीर, ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम सिमरन सोनी, द्वितीय दीपाली जायसवाल, तृतीय सगुन जायसवाल रहे, निबंध लेखन (हिन्दी अंग्रेजी व उर्दू) भाषा में क्रमशः प्रथम स्थान पर रिया यादव, द्विपदिनेश उपमा, सिद्दीका वशी, द्वितीय अरबियासिद्दीकी व आरती यादव रहे वही सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम अमीषा मौर्या द्वितीय शिवम चौरसिया व तृतीय अंशिका मौर्या व प्रखर सिंह रहे। गायन व नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम रितिका दूबे, नीतू वियवकर्मा, द्वितीय दिव्यांका वर्मा प्रतीक पाल तृतीय स्थान में रजत कुमार रहे, इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डा. अंकिता राज नें कहा आज क्रिसमस डे के साथ–साथ अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि डी.डी.एस. मंच के द्वारा बच्चों ने प्रतिभा जागरुक करके किया जा रहा है जैसा कि अटल जी नें कहा था बेहतर भविश्य के लिए शिक्षा, भाषा, साहित्य पर जार देना होगा जिससे विद्यार्थियों

के अन्दर छुपी हुई प्रतिभा निखर के सामनें आयेगी।विशिष्ट अतिथि डॉ. आलमदार सर (प्रिंसिपल–शिया इण्टर कॉलेज), डॉ. विरेन्द्र प्रताप सिंह (प्रिंसिपल – टी.डी. इण्टर कॉलेज), डॉ. राममनोरथ सरोज (प्रिंसिपल – जय किसान इण्टर कॉलेज) मा0 दिनेश टण्डन (पूर्व अध्यक्ष –नगर पालिका परिषद, जौनपुर), राज भुवन यादव (पिंसिपल– हरिओम् इण्टर कॉलेज –सेवईनाला) गौरव यादव (प्रिंसिपल– गौरव शिक्षण संस्थान) डॉ. चांद उस्मानी (पूर्व प्रिसिपल– साजिदा गर्ल्स इण्टर कॉलेज), श्रीमति शैहला अफजाल (अध्यापिका–साजिदा गर्ल्स इण्टर कॉलेज), कार्यक्रम का संचालन सागर सिंह सोलंकी व सलमान शेख नें किया।इस अवसर पर संस्था के शिक्षक गुरुपाल सिंह, आरती सिंह महरुबा परवीन, स्नेहा, रुबी, दिलरुबा, दीपा कुमकुम, बबीता, नीरज, दीपेश, सानिया, नाहिद प्रिंस, काजल, अनुप्रिया, ममता, दीप, तनु, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्था के डायरेक्टर दुर्गा प्रसाद सिंह आये हुए सभी अतिथि का आभार प्रकट किया।

रोडवेज बस व ट्रक में टक्कर : दो घायल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद के थाना महाराजगंज क्षेत्र के अन्तर्गत पुलिस चौकी पूरा बाजार स्थित, ग्राम बरौली के पास अयोध्या से अंबेडकरनगर जाने वाले मुख्य मार्ग पर शनिवार सुबह रोडवेज बस और ट्रक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक पलट गया और रोडवेज बस सामने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चौकी प्रभारी पूरा बाजार रामअवतार राम ने बताया ट्रक व बस की टक्कर में दो लोगों को मामूली चोटें आई थी। जिन्हें सीएचसी पूराबाजार में इलाज करा कर घर भेज दिया गया है। चोटिल बस यात्रियों में धनंजय सिंह, महुली थाना बरहज देवरिया व राजेंद्र सिंह जिला हापुड सदर शामिल हैं। वही चौकी प्रभारी पूरा बाजार ने बताया ट्रक चालक मोहम्मद शफीक मौके से भाग निकला। उसका सहायक अजय कुमार और रोडवेज बस चालक अरविंद कुमार को रोका गया है। बताया हापुड़ डिपो की रोडवेज बस आजमगढ़ जा रही थी व ट्रक अयोध्या की तरफ से आ रही थी।

पारा लुढ़का लोगो मे सर्दी खांसी जुकाम के साथ बढ़ी बुखार की दिक्कत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मौसम में सर्दी बढ़ने के साथ ही लोगों में सर्दी खांसी जुकाम के साथ बुखार की दिक्कत ज्यादा हो गई है। सरकारी अस्पताल से लेकर निजी चिकित्सकों की ओपीडी में सर्दी से पीड़ित मरीजों की भीड़ है। चिकित्सकों की मानें तो इन दिनों हर घर में सर्दी खांसी के साथ एक व्यक्ति बुखार से पीड़ित है। पिछले दस दिनों से बढ़ती सर्दी लोगों को लगातार सता रही है। दिन में खिलती धूप और रात में घने कोहरे के कारण लोग परेशान है। दिन और रात के तापमान में अंतर कम होने के कारण ठंड का असर ज्यादा होता है। इसी कारण लोग ज्यादा बीमार हो रहे हैं। ज्यादातर लोगों को खांसी–जुकाम के साथ गले खराब होने की शिकायत हो रही है। इससे ज्यादा होते लोग वायरल की चपेट में आ रहे हैं। अयोध्या श्रीराम अस्पताल, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में मरीजों की संख्या 80 प्रतिशत तक बढ़ गई है।जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधिकारी डा सीबीएन त्रिपाठी के मुताबिक इन दिनों ओपीडी में आने वाले 80 फीसदी मरीज बुखार से पीड़ित हैं। सभी में खांसी के साथ बदन दर्द की शिकायत है। सर्दी के कारण इन दिनों बुखार के मरीजों की संख्या ज्यादा है। इसी कारण पेरासिटामोल दवा की खपत भी कई गुना बढ़ गई है। दवा वितरण करने वाली स्वाती ने बताया कि मेडिकल स्टोर से लेकर जनरल स्टोर तक पर इस दवा की मांग है। वहीं जिला अस्पताल में भी पैरासिटामोल की खपत बढ़ी हुई है। दवा वितरण स्टाफ के मुताबिक 90 फीसदी मरीजों की दवा में पेरासिटामोल शामिल है। इस कारण इस दवा की खपत कई गुना ज्यादा है। सरकारी अस्पताल में ओपीडी दो बजे तक रहती है। इसके बाद मरीज इमरजेंसी में जाते हैं। इन दिनों दोपहर दो बजे के बाद से देर रात तक इमरजेंसी में भी बुखार के मरीजों की संख्या ज्यादा रहती है। कई मरीजों को दवा देकर घर भेज दिया जाता है लेकिन जिनकी हालत ज्यादा खराब प्रतीत होती है उन्हें भर्ती भी करना पड़ता है। इसी वजह से इमरजेंसी के बेड भी मरीजों से फुल हैं।

मोहब्बत में मिला धोखा तो युवक ने लगा ली फांसी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थाना कोतवाली इनायतनगर क्षेत्र के ग्राम पलिया प्रतापशाह में एक युवक मोहब्बत में मिले धोखे और पारिवारिक अनबन के चलते डिप्रेशन में चला गया और प्रेमिका के घर के पीछे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पलिया प्रतापशाह की बाग में राम अचल पुत्र देवी प्रसाद (32) निवासी हरदोइया थाना कुमारगंज का शव बाग में एक जंगली पेड़ की डाल में रस्सी के सहारे लटकता दिखाई पड़ा। बाग में गए लोगों ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस और मृतक के परिजनों को दिया। ग्रामीणों ने बताया कि दो वर्ष पहले रामअचल गांव से एक लड़की के साथ भाग गया था। उसी के साथ रह रहा था, लेकिन पिछले साल लड़की ने साथ रहने से इंकार कर दिया। इसके साथ ही कुछ दिनों से पारिवारिक विवाद भी उत्पन्न हो गया था। इसी वजह से वह युवक डिप्रेशन में चला गया था। हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी रजनीश पांडे ने बताया कि मृतक के परिजनों के अनुसार राम अचल कुछ दिनों से डिप्रेशन में था। जिसके चलते वह फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

हिन्दी दैनिक देश की उपासना समाचार पत्र के भदोही सम्पादक जी को हुआ मातृशोक

भदोही (संवाददाता) हिन्दी दैनिक देश की उपासना समाचार पत्र जनपद भदोही के सम्पादक श्री अशोक राय के माताजी का 93 वर्ष की आयु में देहान्त हो गया। मृतक आत्मा की शान्ति के लिए दिनांक 29/12/2022 को शुद्धक एवं एक जनवरी 2023 को ब्रह्मभोज (तेरही) का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ है। समस्त देश की उपासना परिवार सम्पादक जी की माता की मृत्यु पर शोक संवेदाना व्यक्त करता है।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।